# आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र(CIQA),

# समिति की तृतीय बैठक दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 का कार्यवृत्त

**दिनांक-29 अक्टूबर, 2025**

**समय- पूर्वाहन 10:30 बजे**

## उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी

## नैनीताल, उत्तराखण्ड

# आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र(CIQA), समिति की तृतीय बैठक दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 का कार्यवत्त

**दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 को सीका की बैठक में निम्नलिखित कार्य सूची सीका, समिति के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत :-**

| प्रस्ताव संख्या | प्रस्ताव | क्रम संख्या |
|---|---|---|
| प्रस्ताव सं0 3.1 | सीका की द्वितीय बैठक दिनांक 30.10.2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | अनुलग्नक 1<br>1-4 |
| प्रस्ताव सं0 3.2 | सीका की वार्षिक आंख्या (Annual Report-2024-25) पर विचार व अनुमोदन। | वेबसाइट में अपलोड है |
| प्रस्ताव सं0 3.3 | AQAR से सम्बन्धित नैक द्वारा जारी किए नये दिशा निर्देशो पर विचार | अनुलग्नक 2<br>5 -6 |
| प्रस्ताव सं0 3.4 | सत्र 2024-25 की वार्षिक कार्य योजना के अन्तर्गत सम्पन्न किए गए कार्यों की समीक्षा। | अनुलग्नक 3<br>7 - 8 |
| प्रस्ताव सं0 3.5 | सत्र 2025-26 की प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना पर विचार एवं अनुमोदन । | अनुलग्नक 4<br>9 -10 |
| प्रस्ताव सं0 3.6 | सहायक प्राध्यापक (ए0सी0) के कार्यों के आंकलन हेतु निर्धारित संशोधित मापदंण्डों पर विचार एवं अनुमोदन। | अनुलग्नक 5<br>12 -13 |
| प्रस्ताव सं0 3.7 | विश्वविद्यालय में कार्यरत ए0आर0डी0, ए0आर0,आर0ओ0 के कौशल संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम से समिति को अवगत कराना। | -- |
| प्रस्ताव सं0 3.8 | सीका द्वारा आटोमेशन हेतु उठाये गये कदमों से सदस्यों को अवगत कराना। | ---- |
| प्रस्ताव सं0 3.9 | सीका द्वारा नैक के मानकों के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों / अनुभागों / निदेशालयों की समीक्षा बैठकों से समिति को अवगत कराना। | अनुलग्नक 7 |
| 3.9.1 | क्षेत्रीय सेवाएं निदेशालय (RSD) की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 13 -14 |
| 3.9.2 | शिक्षार्थी सहायता सेवाएं की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 15 |
| 3.9.3 | पुस्तकालय विभाग की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 16-18 |
| 3.9.4 | केन्द्रीय भण्डार की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 19 |
| 3.9.5 | एम0पी0डी0डी0 विभाग की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 20 |
| 3.9.6 | आई0सी0टी0, ई0एम0पी0सी0 एवं समुदायिक रेडियो विभाग की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 21 |
| 3.9.7 | प्रशासन एवं वित्तीय प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 22 |
| 3.9.8 | प्रवेश विभाग की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 23 |
| 3.9.9 | परीक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त। | 24 |
| प्रस्ताव सं0 3.10 | अन्य प्रसंग अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | - |

आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र(CIQA), समिति की तृतीय बैठक
दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 को 10:30 बजे आहूत की गयी, जिसमे निमन्वत पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. **प्रो० नवीन चंद्र लोहनी** — **अध्यक्ष**
   कुलपति
   उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी

2. **प्रो० जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव** — **बाह्य सदस्य**
   निदेशक अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सीका

3. **प्रो० विजय कुमार** — **बाह्य सदस्य**
   निदेशक सीका इग्नू

4. **प्रो० पी. डी. पंत** — **सदस्य**
   निदेशक, भौमिकी व पर्यावरण विज्ञान विद्याशाखा

5. **प्रो० मंजरी अग्रवाल** — **सदस्य**
   निदेशक, स्वास्थय विज्ञान विद्याशाखा

6. **प्रो० आशुतोष कुमार भट्ट** — **सदस्य**
   निदेशक, व्यावसायिक अध्ययन, विद्याशाखा

7. **प्रो० प्रवेश कुमार सहगल** — **सदस्य**
   निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा

8. **प्रो० डीगर सिंह** — **सदस्य**
   निदेशक, शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा

9. **प्रो० गगन सिंह** — **सदस्य**
   निदेशक, प्रबंध अध्ययन एंव वाणिज्य विद्याशाखा

10. **प्रो० गिरजा प्रसाद पाण्डे** — **सदस्य**
    निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा

11. **डॉ० हरीश सी जोशी** — **सदस्य**
    सह प्राध्यापक (वानिकी)

12. **डॉ. सुचित्रा अवस्थी** — **सदस्य**
 सह प्राध्यापक (अंग्रेजी)

13. **डॉ. शशांक शुक्ल** — **सदस्य**
 सह प्राध्यापक (हिंदी)

14. **डॉ. भानु जोशी** — **सदस्य**
 सह प्राध्यापक (योग)

15. **डॉ. नीरजा सिंह** — **सदस्य**
 सह प्राध्यापक (सामाजिक कार्य )

16. **श्री खेमराज भट्ट** — **सदस्य**
 कुलसचिव

17. **श्री सूर्य प्रताप सिंह** — **सदस्य**
 वित्त नियंत्रक

## आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र(CIQA), समिति की तृतीय बैठक दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 का कार्यवृत्त विवरण

---

**प्रस्ताव संख्या :- 3.1 आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन की बैठक 30.10.2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र की दिनांक 30/10/2023 को आयोजित द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से समिति को अवगत कराते हुए उक्त बैठक का कार्यवृत्त समिति के समक्ष पुष्टि हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय-** आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र (CIQA) द्वारा सत्र 2024-25 की वार्षिक आख्या (Annual Report) को निर्धारित समय सीमा (31 अगस्त, 2025) से पहले UGC DEB पोर्टल पर अपलोड कर दी गई, समिति द्वारा अवलोकन एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रस्ताव सं0:-3.2 आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन की वार्षिक आख्या (Annual Report- 2024-25) पर विचार व अनुमोदन।**

आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र द्वारा सत्र 2024-25 की वार्षिक आख्या (Annual Report) तैयार कर समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में निर्धारित तिथि को यू0जी0सी0-डेब की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उक्त आख्या इस कार्यसूची के साथ संलग्न कर समिति के समक्ष अवलोकनार्थ व विचारार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय-** AQAR 2023-24 आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन केन्द्र द्वारा तैयार कर NAAC की वेबसाइट पर ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत जमा कर दी गयी है। समिति द्वारा अवलोकन एवं अनुमोदन दिया गया।

**प्रस्ताव सं0:-3.3 AQAR से सम्बन्धित नैक द्वारा दिए गए नये दिशा निर्देशों पर विचार।**

आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र द्वारा सत्र 2023-24 की AQAR तैयार कर समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में निर्धारित तिथि को यू0जी0सी0-नैक की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

उक्त वार्षिक आख्या समिति के संज्ञानार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु प्रस्तुत है। इस सत्र हेतु नये निर्देशों की प्रतीक्षा है।

**निर्णय-** वर्तमान में NAAC पोर्टल पर AQAR को अपलोड किये जाने का लिंक बंद रखा गया है। NAAC के नये निर्देशों तक प्रतीक्षा किये जाने के लिये कहा गया है। तदनुसार नये दिशा-निर्देश जारी होने के पश्चात् AQAR बनाने की प्रक्रिया की जाएगी।

**प्रस्ताव सं0:-3.4 सत्र 2024-25 की वार्षिक कार्य योजना के अन्तर्गत सम्पन्न किए गए कार्यों की समीक्षा।**

सत्र 2024-25 हेतु वार्षिक कार्य योजना तैयार की गई थी। उक्त कार्य योजना की प्रगति से समिति को अवगत कराना तथा मार्गदर्शन प्राप्त करना।

**निर्णय-** सत्र 2025-26 की कार्य योजना को समिति के अवलोकनार्थ रखा गया। समिति द्वारा वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत् सामान्य गतिविधियों की कार्यवाही का समीक्षा की गयी एवं सीका द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की गयी, जिन गतिविधियों को 2024-25 में पूर्ण नहीं किया जा सका उन्हें 2025-26 में पूर्ण करने पर सहमति व्यक्त की गयी।

**प्रस्ताव सं0 :- 3.5 सत्र 2025-26 की प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना पर विचार एवं अनुमोदन।**

वर्तमान सत्र 2025-26 हेतु आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र द्वारा प्रस्तावित कार्ययोजना समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय-** वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गयी, समिति द्वारा कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया तथा यह निर्देश दिये गये कि कार्ययोजना का शेष कार्य इसी सत्र में पूर्ण कर लिया जाए।

**प्रस्ताव सं0:-3.6 सहायक प्राध्यापकों (ए0सी0) के कार्यों के आंकलन हेतु निर्धारित संशोधित मापदंण्डों पर विचार एवं अनुमोदन।**

दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को सीका की सम्पन्न बैठक के निर्णयानुसार सहायक प्राध्यापकों (ए0सी0) के कार्यों के आंकलन हेतु समिति द्वारा सुझाव दिये गये थे। तत्क्रम में सीका द्वारा सहायक प्राध्यापक (ए0सी0) के कार्यों की समीक्षा हेतु नैक मानकों के अनुरूप प्रारूप तैयार किया गया है। उक्त प्रारूप समिति के विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय-** सहायक प्राध्यापक (शैक्षणिक सलाहकार) के कार्यां के आंकलन हेतु बनाये गये मापदण्डों की समीक्षा की गयी, समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि निर्धारित मापदण्डों में कुछ मापदण्डों को जोड़ा जा सकता है यथा -

1. द्रव्य-श्रव्य (Audio & Video) निर्माण
2. पुस्तक संपादन/ भाषा सम्पादन
3. इंडक्शन प्रोग्राम
4. कार्यक्रम की आवश्यकता का आंकलन
5. कार्यक्रम की परिकल्पना
6. कार्यक्रम की रुपरेखा

साथ ही मूल्यांकन के कुछ घटकों को हटाने का भी सुझाव दिया गया यथा- पेटेन्ट।

**प्रस्ताव सं0:-3.7 विश्वविद्यालय में कार्यरत ए0आर0डी0, ए0आर0, आर0ओ0 के कौशल संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम से समिति को अवगत कराना।**

दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को सीका की सम्पन्न बैठक में समिति द्वारा ये सुझाव दिया गया था कि समय-समय पर सीका को कौशल संवर्धन हेतु विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये जाने चाहिए। इसी क्रम में प्रथम चरण में विश्वविद्यालय में कार्यरत ए0आर0डी0, ए0आर0, आर0ओ0 के कौशल संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय-** समिति द्वारा स्पष्ट किया गया कि विश्वविद्यालय में ए0आर0डी0, ए0आर0 एवं आर0ओ0 की कार्य-प्रणाली पूर्ण रूप से भिन्न है अतः सम्बन्धितों के कार्य की प्रकृति के अनुरूप ही प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए तथा प्रशिक्षण कार्य वर्ष में दो बार अवश्य कराये जाने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव सं0:-3.8 आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन द्वारा आटोमेशन हेतु उठाये गये कदमों से सदस्यों को अवगत कराना।**

आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र के समक्ष समय-समय पर कैरियर एडवान्समेंट स्कीम से सम्बन्धित प्रकरण नियमित अन्तराल में आते रहते है, और प्राय: यह अनुभव किया गया कि कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत आवेदनकर्ताओं द्वारा अलग-अलग प्रारूपों में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है।जिससे आवेदनों के परीक्षण में कठनाईयों का सामना करना पड़ता है। बैठकों में यह सुझाव दिया गया कि ऐसे आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किये जाये। यह प्रस्तावित है कि समर्थ नोडल अधिकारी से सम्पर्क कर विश्विद्यालय की आवश्यकताओं के अनुसार पोर्टल में सुविधायें सुनिश्चित की जाए।

**निर्णय-** इस बिन्दु पर यह निर्णय लिया गया, चूँकि वर्तमान में समर्थ पोर्टल द्वारा CAS के लिए प्रोग्राम तैयार नहीं किया गया है अतः वर्तमान में इस पर विचार किया जाना आवश्यक नहीं है।

**प्रस्ताव सं0:-3.9 आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र द्वारा नैक के मानकों के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों / अनुभागों / निदेशालयों की समीक्षा बैठकों से समिति को अवगत कराना।**

आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन केन्द्र द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर, 2025 से 17 अक्टूबर, 2025 तक विश्वविद्यालय के समस्त विभागों / अनुभागों / निदेशालयों की समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। बैठक की आख्यायें समिति के सेज्ञानार्थ व विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय-** समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये विभिन्न अनुभागों की समीक्षा बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया तथा कार्यवृत्त में वर्णित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये गये जिससे आगामी NAAC निरीक्षण तक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जा सकें।

**प्रस्ताव सं0 3.10 अन्य प्रसंग अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**निर्णय-** समिति द्वारा यह सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्र Assignment पूर्ण ईमानदारी के साथ सम्पन्न करे, साथ ही Assignment में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ वर्णात्मक प्रश्नों को भी सम्मिलित किया जाए। इस हेतु विशेषज्ञों का परामर्श भी लिये जाने का निर्णय लिया गया।

समिति द्वारा सीका द्वारा की गई बैठक के कार्यवृत का संज्ञान लिया गया।

**अन्त में अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों को धन्यवाद् ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

7/11/25

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालयः हल्द्वानी
## कुलसचिव कार्यालय

पत्रांक:- यूओयू/आर/ विद्या परि0(33वीं)/का0परि0(44वीं) 2025 दिनांक 04.12.2025

**निदेशक, सीका**

विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 33वीं बैठक दिनांक 10 नवम्बर, 2025 एवं कार्य परिषद की 44वीं बैठक दिनांक 21 नवम्बर, 2025 में पारित प्रस्ताव जो निम्नवत् है, आपको अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:-

**प्रस्ताव संख्या 33.22- सीका (Centre for Internal Quality Assurance) की तृतीय बैठक दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

**निर्णय:-** ***विद्या परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव से अवगत होते हुए सीका (Centre for Internal Quality Assurance) की तृतीय बैठक दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।***

**प्रस्ताव संख्या 44.11- विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 33वीं बैठक दिनांक 10.11.2025 की संस्तुतियों का अनुमोदन।**

**निर्णय:-** *कार्य परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव से अवगत होते हुए विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 33वीं बैठक दिनांक 10.11.2025 की संस्तुतियों पर सर्वसम्मति से यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया।*

कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**कुलसचिव/सदस्य सचिव, विद्या परिषद/ कार्य परिषद**

**प्रतिलिपि:-** कुलपति जी के वैयक्तिक अधिकारी को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

**Director**
**CIQA**
**Uttarakhand Open University**